दैनिक
न्याय साक्षी



## संपादकीय


# लचीला रुख जरूरी

केंद्रीय वाणिज्य मंत्री सुरेश प्रभु ने पिछले दिनों दुनिया के सबसे बड़े संभावित ट्रेड ब्लॉक आरसीईपी (क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक भागीदारी) की मंत्रिस्तरीय बैठक में कहा कि व्यापार समझौते के लिए थोड़ा लचीला रुख अपनाना जरूरी है। कंबोडिया के सिएम रीएप शहर में आयोजित इस बैठक में उन्होंने याद दिलाया कि तकनीकी स्तर पर इस साल केवल तीन दौर की बैठकें होनी हैं, लिहाजा कई सारे काम जल्दी-जल्दी निपटाने होंगे। निर्माणाधीन आरसीईपी समूह में कुल 16 सदस्य देश शामिल हैं। 10 आसियान देशों के अलावा इसमें आसियान के साथ मुक्त व्यापार भागीदारी वाले छह देशों चीन, जापान, भारत, दक्षिण कोरिया, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड की भागीदारी है। इस समूह के गठन का मकसद विश्व में बढ़ते संरक्षणवाद के दौर में क्षेत्रीय स्तर पर आपसी व्यापारिक सहयोग बढ़ाना है। अफसरों और विशेषज्ञों के स्तर पर वार्ता के 25 दौर अब तक पूरे हो चुके हैं लेकिन सदस्य देश उन उत्पादों की संख्या को अंतिम रूप नहीं दे पाए हैं, जिन पर सीमा शुल्क हटाया जाना है। सेवा क्षेत्र में भी कई मुद्दे लटके पड़े हैं। भारत सहित आरसीईपी के कुछ सदस्य देशों में इस साल आम चुनाव होने वाले हैं। इसके चलते मंत्रिस्तरीय वार्ता का अगला दौर अगस्त में ही संभव हो पाएगा।

विश्व व्यापार संगठन की बहुपक्षीयता नाकाम साबित होने के बाद अंतरराष्ट्रीय व्यापार में नई जान डालने अब यही रास्ता बचा है। व्यापार वार्ताएं अभी जमे-जमाए क्षेत्रीय संगठनों को धुरी बनाकर ही आगे बढ़ रही हैं। इस प्रक्रिया में भारत भी बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहा है और वह कई कड़ियों को जोड़ने का काम कर रहा है। इससे भारत की निर्यात संरचना में बदलाव आया है और हमारे कुल एक्सपोर्ट में हाई-टेक प्रॉडक्ट्स का हिस्सा खेतिहर-खदान और मैन्युफैक्चरिंग सामानों से ज्यादा होने लगा है। आरसीईपी के सदस्य देश वैश्विक अर्थव्यवस्था में कम लागत वाले विनिर्माण और व्यापार का गढ़ समझे जाते हैं। ऑस्ट्रेलिया और सिंगापुर जैसे साधन-संपन्न देश विश्व के प्रमुख वित्तीय केंद्र हैं।

आरसीईपी के सदस्य देशों में किसी भी जगह मौजूद कंपनियों के लिए कल-पुर्जों का निर्माण भारत में भी किया जा सकता है। इस तरह भारत के लिए विश्व अर्थव्यवस्था की सप्लाई चेन से जुड़ने का यह बढ़िया अवसर है। दक्षिण-पूर्व एशिया और चीन में यह पहल अत्यंत कारगर साबित हुई है और इन देशों से होने वाला निर्यात तो बढ़ा ही है, रोजगार सृजन को भी इससे नई गति हासिल हुई है। आरसीईपी की वार्ता अगर इस साल अपने मुकाम तक पहुंचती है तो इस क्षेत्र की साढ़े तीन अरब जनसंख्या, यानी दुनिया की आधी आबादी को इसका फायदा मिलेगा। इस तरह विश्व व्यापार में एशिया की नेतृत्वकारी भूमिका स्थापित होगी और अमेरिका तथा अन्य विकसित देशों पर हमारी निर्भरता कम होगी। देश के उद्यमी तबकों का बाहर के सस्ते सामानों से आशंकित होना स्वाभाविक है, लेकिन उद्योग-व्यापार में सफलता के लिए तेजी से ट्रैक बदलना समय की जरूरत है।

# मुकेश अंबानी दुनिया के 13वें सबसे अमीर व्यक्ति बने, पहले स्थान पर इस शख्स का है नाम



नई दिल्ली। भारत के सबसे अमीर व्यक्ति मुकेश अंबानी दुनिया के अरबपतियों की सूची में भी आगे बढ़ रहे हैं. फोर्ब्स की दुनिया के अरबपतियों की सूची में मुकेश अंबानी छह पायदान की छलांग लगाकर 13वें स्थान पर पहुंच गये हैं. इस सूची में जेफ बेजोस हालांकि, इस बार भी पहले स्थान पर काबिज रहे हैं. फोर्ब्स ने कहा कि ई-कॉमर्स क्षेत्र की दिग्गज कंपनी अमेज़ॅन के संस्थापक, 55 वर्षीय जेफ बेजोस इस सूची में पहले स्थान पर बरकरार हैं. उनके बाद बिल गेट्स और वारेन बफेट का स्थान है. बेजोस की संपत्ति पिछले एक साल में 19 अरब डॉलर बढ़कर 131 अरब डालर हो गई. मुकेश अंबानी की संपत्ति 2018 में 40.1 अरब डॉलर थी जो कि बढ़कर 50 अरब डालर पर पहुंच गई है. दुनिया के अमीरों में पिछले साल मुकेश अंबानी 19 वें स्थान पर थे और इस साल वह छह स्थान ऊपर चढ़कर 13वें नंबर पर आ गये हैं. हालांकि, उनके भाई अनिल अंबानी इस सूची में कहीं नीचे 1349वें स्थान पर हैं. इससे पहले 2017 की फोर्ब्स पत्रिका की अरबपतियों की सूची में मुकेश अंबानी का स्थान 33वां था. फोर्ब्स की सूची में शामिल भारत के 106 अरबपतियों में मुकेश अंबानी सबसे आगे हैं.

विप्रो के चेयरमैन अजीम प्रेमजी 22.6 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ इस सूची में 36 वें स्थान पर हैं. प्रौद्योगिकी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी एचसीएल के सह-संस्थापक शिव नाडर 82वें और आर्सेलर मित्तल के चेयरमैन और सीईओ लक्ष्मी मित्तल 91वें स्थान पर रहे.

## मारुति वैगनआर का सीएनजी वेरिएंट लॉन्च



नई दिल्ली। देश की सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी ने पिछले दिनों लॉन्च की गई हैचबैक कार वैगन-आर का सीएनजी वेरिएंट लॉन्च कर दिया है. कार का नया सीएनजी वेरिएंट दिल्ली में 4.84 लाख रुपये और 4.89 लाख रुपये के एक्स शोरूम प्राइज पर मिलेगा. सीएनजी मॉडल को एलएक्सआई और एलएक्सआई ओ वेरिएंट में पेश किया गया है. कंपनी ने 1.0 लीटर इंजन वाली वैगनआर में कंपनी फिटेड सीएनजी किट के साथ नई कार को लॉन्च किया है.

**33.54 किमी माइलेज का दावा**

मारुति का दावा है कि सीएनजी वैगन-आर 33.54 किमी प्रति किलोग्राम का माइलेज देगी. मारुति के वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक (सेल्स एंड मार्केटिंग) आरएस कलसी ने बताया कि वैगनआर एस-सीएनजी ग्राहकों को पुरानी सीएनजी वैगनआर की तुलना में ईंधन की 26 प्रतिशत बचत देगी.

## 8 मार्च को गिराया जाएगा नीरव मोदी का बंगला, ब्लास्ट से ढहायी जाएगी इमारत



नई दिल्ली। पीएनबी महाघोटाले के आरोपी और भगोड़े हीरा कारोबारी नीरव मोदी के रायगढ़ जिले में अलीबाग स्थित अवैध बंगले को 8 मार्च को गिराया जाएगा. पहले इस बंगले को 6 मार्च को गिराया जाना था, लेकिन अब बंगले गिराने का काम शुक्रवार सुबह से शुरू किया जाएगा. इस बारे में रायगढ़ जिले के कलेक्टर डॉ. विजय सूर्यवंशी ने जानकारी दी. इससे पहले नीरव मोदी के अलीबाग स्थित बंगले को गिराने का काम जनवरी के अंतिम सप्ताह में रोक दिया गया था. उस समय बंगले को गिराने पहुंची जेसीबी और पोकलेन मशीन इसे ढहाने में नाकामयाब रही थी. सूत्रों ने बताया था कि बंगले की मजबूती पर जेसीबी और पोकलेन मशीन कारगर साबित नहीं हुई. दूसरी तरफ बंगले को तोड़ने पहुंची टीम को यहां पर कीमती सामान भी मिला था. इस कीमती सामान को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है. अब इस सामान की नीलामी की जाएगी. कीमती सामान में झूमर और बाथरूम में लगे शावर आदि भी शामिल हैं.

## रिलायंस जियो ने उपभोक्ताओं के लिए लाए 5 रिचार्ज प्लान



रिलायंस जियो ने अपने उपभोक्ताओं के लिए कई तरह के आकर्षक प्रीपेड रिचार्ज प्लॉन उपलब्ध कराए हैं. रिलायंस जियो की ओर से 2 और 3 जीबी प्रति दिन डेटा की सुविधा वाले पांच रिचार्ज पैक मार्केट में लाए गए हैं. इन पैक की कीमत 198 से लेकर 498 रुपये तक है. इन रिचार्ज पैक की अवधि 28 दिनों से 91 दिनों तक है.सितंबर 2016 से अपनी सेवाओं की शुरुआत करने वाली इस कंपनी ने शुरुआत में मुफ्त वॉयस कॉल और डेटा पैक देकर टेलीकॉम सेक्टर में प्रतिद्वंदी कंपनियों की कमर तोड़ दी थी. आइए जानते हैं कंपनी की ओर से मार्केट में लाए गए 2 जीबी और 3 जीबी प्रतिदिन डाटा से जुड़े ऑफर्स के बारे में.

2 GB Data Per Day Packs- रिलायंस जियो की ओर से 2 जीबी प्रतिदिन हाईस्पीड इंटरनेट डेटा वाले 4 रिचार्ज पैक की घोषणा की गई है.

Rs. 198 recharge plan- 198 के प्लॉन में कस्टमर्स को 28 दिनों तक 2 जीबी डेटा प्रतिदिन मिलेगा. इस प्रकार उपभोक्ता को 28 दिनों में 56 जीबी डेटा मिलेगा. इसके अलावा मुफ्त कॉल और सौ एसएमएस प्रतिदिन की भी सुविधा मिलेगी.

Rs. 398 recharge plan- 398 रुपये का रिचार्ज कराने पर 70 दिनों तक 2 जीबी हाईस्पीड इंटरनेट की सुविधा मिलेगी. इसके अलावा मुफ्त में बातचीत करने के साथ अनलिमिटेड मैसेज सेवा का भी आप लाभ उठा सकते हैं.

## 21 साल की उम्र में अरबपति बनी यह लड़की, करती है यह कारोबार



नई दिल्ली। अगर आपसे दुनिया के सबसे अमीर शख्स के बारे में पूछा जाए तो आप एकदम जवाब देंगे जेफ बेजोस.

फोर्ब्स की तरफ से मंगलवार को जारी की गई दुनिया के अरबपतियों की लिस्ट में वह इस बार भी सबसे आगे हैं. बेजोस की कुल संपत्ति 131 अरब डॉलर की है. लेकिन यदि आपसे दुनिया के सबसे अरबपति युवा के बारे में पूछा जाए तो शायद आपको जानकारी न हो. इस बार फोर्ब्स की तरफ से जारी की गई लिस्ट में काइली जेनर सबसे युवा अरबपति बन गई हैं. काइली 900 मिलियन डॉलर की कंपनी काइली कॉस्मेटिक्स की मालिक हैं.

**एक साल में कुल 360 मिलियन डॉलर की बिक्री**

काइली जेनर टॉप मॉडल किम कार्दशियन की फैमिली मेंबर हैं, उन्होंने यह मुकाम कॉस्मेटिक बिजनेस से हासिल किया है. 21 साल की काइली ने तीन साल पहले काइली कॉस्मेटिक्स से बिजनेस की शुरुआत की थी. पिछले साल उनकी कंपनी 360 मिलियन डॉलर की कुल बिक्री करने में कामयाब रही. सबसे युवा अरबपति की लिस्ट में काइली ने जुकरबर्ग को पीछे छोड़ा है. जुकरबर्ग 23 साल की उम्र में अरबपति बिजनेसमैन की लिस्ट में शामिल हुए थे.

## विराट कोहली 2020 में तोड़ सकते हैं सचिन का यह रिकॉर्ड




नई दिल्ली। विराट कोहली वनडे क्रिकेट में जिस तेजी से रन बना रहे हैं, उससे सचिन तेंदुलकर के शतकों का रिकॉर्ड खतरे में पड़ गया है. भारतीय कप्तान ने मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे वनडे में 116 रन बनाए. यह उनका 40वां शतक है. वे दुनिया के सिर्फ दूसरे क्रिकेटर हैं, जिन्होंने वनडे में इतने शतक लगाए हैं. उनसे ज्यादा शतक सिर्फ सचिन तेंदुलकर ने लगाए हैं. उनके नाम 49 वनडे शतक हैं. विराट कोहली की रफ्तार से लग रहा है कि सचिन का रिकॉर्ड बस एक साल का ही सरताज है. अगले साल के अंत तक यह रिकॉर्ड विराट कोहली के नाम दिख सकता है. विराट कोहली ने 40वां शतक 224वें मैच की 216वीं पारी में बनाया है. यानी, वे औसतन हर छठे (5.6) मैच में शतक बना देते हैं. लेकिन यह उनके पूरे करियर का आंकड़ा है. जब हम विराट के रनों की रफ्तार की बात करते हैं तो हमें उनके पिछले दो साल के प्रदर्शन को देखना होगा. विराट ने 2017 और 2018 में छह-छह शतक बनाए हैं. उन्होंने 2017 में 26 और 2018 में महज 14 मैच खेले हैं. यानी उन्होंने इन दो वर्षों में महज 40 वनडे मैचों में 12 शतक बनाए. 2018 की समाप्ति पर विराट कोहली के नाम 38 शतक थे. यानी, जब 2019 की शुरुआत हुई तब वे सचिन तेंदुलकर के 49 शतकों से 11 शतक पीछे थे. विराट ने जिस तरीके से पिछले दो साल में छह-छह शतक लगाए हैं, अगर वही रफ्तार अगले दो साल भी रही तो वे 2010 के अंत तक तक 12 शतक और लगा देंगे. अगर कोहली ऐसा कर पाते हैं तो सचिन तेंदुलकर का वनडे में सबसे अधिक शतकों का रिकॉर्ड टूट सकता है.

## केदारनाथ के कपाट 9 मई को खुल जाएंगे

नई दिल्ली। उत्तराखंड के चार धाम की यात्रा फिर से आरंभ होने जा रही है. 9 मई को केदारनाथ के कपाट खोल दिए जाएंगे. केदारनाथ के कपाट खोलने की घोषणा रुद्रप्रयाग जिले के उखीमठ के ओंकारेश्वर मंदिर में की गई. घोषणा करते समय नियम अनुसार मंत्रोच्चारण और शंखध्वनि भी किया गया. बता दें, केदारनाथ धाम के एक अधिकारी के मुताबिक मंदिर के कपाट 9 मई को सुबह 5.35 पर खोल दिए जाएंगे. वहीं बद्रीनाथ के कपाट को मुहूर्त अनुसार 10 मई को भक्तों के लिए खोल दिया जाएगा. वैसे हर साल केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री के धाम अक्टूबर-नवंबर में बंद कर दिए जाते है और 6 महीने के अंतराल के बाद अप्रैल-मई में फिर खोल दिए जाते हैं. बता दें, हर साल उत्तराखंड में लाखों की तादत में भक्त आते हैं और चार धाम के दर्शन करते हैं.




## जूनियर कुश्ती पर संकट, डब्ल्यूएफआई ने सरकार से मांगी मदद



नई दिल्ली। भारतीय कुश्ती महासंघ ने मंगलवार ( 5 मार्च) को सरकार से गारंटी मांगी, जिससे कि सुनिश्चित हो सके कि पाकिस्तान के साथ राजनीतिक तनाव के कारण देश से अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताएं नहीं छीनी जाएं। डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष बृज भूषण शरण सिंह ने कहा कि यूनाईटेड वर्ल्ड रेसलिंग ने अंतर्राष्ट्रीय महासंघों को निर्देश दिया है कि वे भारत के साथ संवाद खत्म कर दें, जिससे देश की जुलाई में जूनियर एशिया चैंपियनशिप की मेजबानी की संभावना पर असर पड़ सकता है। डब्ल्यूएफआई के सहायक सचिव विनोद तोमर ने पीटीआई से कहा, हम ने सरकार से इसका हल खोजने की मांग की है।

## अमेरिका में 12 अप्रैल को पदार्पण करने को तैयार विजेंदर सिंह



नई दिल्ली। भारत के स्टार मुक्केबाज विजेंदर सिंह 12 अप्रैल को अमेरिकी पेशेवर सर्किट में पदार्पण करेंगे और उन्होंने हॉल ऑफ फेम कोच फ्रेडी रोच के मार्गदर्शन में ट्रेनिंग शुरू कर दी है. विजेंदर के प्रतिद्वंद्वी की घोषणा अभी नहीं हुई है. फ्रेडी ने मैनी पैकियाओ और माइक टाइसन जैसे दिग्गज मुक्केबाजों को भी ट्रेनिंग दी है.

## आज का राशिफल

मेषः आपका आज का दिन समाज के लोगों और मित्रों के साथ दौड़-धूप में व्यतीत होगा। इसके पीछे धन खर्च भी होगा। सरकारी कामों में सफलता मिलेगी।

वृषभः आप नए कार्यों का प्रारंभ कर सकेंगे। नौकरी पेशा के लिए आज का दिन शुभ है। उन्हें आय वृद्धि या पदोन्नति का समाचार मिलेगा। मिथुनः आज आपको थोड़ी सी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। शरीर में स्फूर्ति का अभाव रहेगा।

कर्कः क्रोध और नकारात्मक विचार आपको मानसिक रूप से परेशान कर सकते हैं। आज संयम रखना बहुत आवश्यक है।

सिंहः आज आपके दांपत्य जीवन में मामूली बात पर मनमुटाव होने की आशंका है। पति-पत्नी दोनों में से किसी का स्वास्थ्य खराब होने की आशंका है।

कन्याः आज आपको हर मामले में अनुकूलता का अनुभव होगा। घर में सुख- शांति स्थापित होगी, जिससे मन प्रसन्न रहेगा।

तुलाः बौद्धिक प्रवृत्तियों और चर्चा आज अग्रिम स्थान पर रहेगी। आपकी कल्पना और सृजनशक्ति की प्रगति से संतोष का अनुभव होगा।

वृश्चिकः अस्वस्थता का अनुभव होगा। बुजुर्गों के साथ अनबन होने की घटना आपके मन को व्यथित करेगी।

धनुः गूढ़ रहस्यमय विद्याएं और आध्यात्मिकता का प्रभाव आप पर रहेगा। आपका मन शांत और प्रसन्न रहेगा। भाई- बहनों के साथ अधिक मेल- जोल रहेगा।

मकरः गणेशजी कहते हैं कि संयमित वाणी आपको बहुत-सी मुसीबतों से बचा लेगी। इसलिए विचार कर बोलें। घर में किसी प्रकार की गलतफहमी होने से मानसिक रूप से अस्वस्थता अनुभव करेंगे।

कुंभः स्वस्थता और ताजगीपूर्ण दिन होने की वजह से आपको लाभ होगा। आर्थिक दृष्टि से आपका दिन लाभदायी रहेगा। सगे-संबंधियों और मित्रों के साथ अच्छा भोजन करने को मिलेगा।

मीनः आज आपके मन में एकाग्रता का अनुभव होगा। परिणामस्वरूप मानसिक व्यग्रता का अनुभव करेंगे। धार्मिक कार्यों के पीछे खर्च होगा। स्वजनों से दूर जाना होगा।

## झटपट बनाएं कासी हलवा

कर्नाटक में कासी को कद्दू कहा जाता है. अक्सर आपने कद्दू की सब्जी, इसकी खीर आदि खाई होगी, मगर क्या कभी आपने कद्दू का हलवा ट्राई किया है. यह स्वाद में लाजवाब लगता है.



एक नज़र

रेसिपी क्विजीन : इंडियन

कितने लोगों के लिए : 2 - 4

समय : 15 से 30 मिनट

मील टाइप : वेज

आवश्यक सामग्री

आधा किलो कद्दू

1 कप चीनी

घी जरूरत के अनुसार

1/2 टीस्पून इलायची पाउडर

चुटकीभर केसर (दूध में भिगोई हुई)

पानी जरूरत के अनुसार

सजावट के लिए

3-4 काजू

विधि

- सबसे पहले कद्दू को अच्छे से कद्दूकस कर लें और उसका पानी निकालकर रख दें.

- मीडियम आंच में एक पैन में घी गरम करें.

- घी के गरम होने के बाद इसमें कद्दू डालकर 3-4 मिनट तक पकाएं.

- अब थोड़ा पानी डालकर कद्दू के नरम होने तक पकाएं.

- ध्यान रखें कि बीच-बीच में जरूर चलाते रहें.

- कद्दू के हल्का सॉफ्ट होने पर इसमें चीनी मिलाकर इसके घुलने तक पकाएं.

- चीनी के बाद इसमें केसर डाल दें.

- इसके बाद पैन को ढककर कद्दू को कुछ देर तक पकने दें. बीच बीच में थोड़ा-थोड़ा घी डालें.

- हलवे के गाढ़ा होने पर इसमें इलाइची पाउडर डालकर अच्छे से मिक्स कर दें और आंच बंद कर दें.

- तैयार है कासी हलवा. सर्विंग बाउल में डालकर काजू से गार्निश कर सर्व करें.


## शब्द सामर्थ्य-98

**बाएं से दाएं**

1. व्यर्थ, अकारण, बेवजह (उर्दू) 4. साथ में, सहित 5. वर्षा, बारिश, बरखा 8. कथा, किस्सा 9. चिढ़चिड़ा, बदमिजाज 11. प्रलय, आफत, हलचल 12. लाख ढकने का कपड़ा 13. पिता, क्लर्क, सम्मानित व्यक्ति 14. वायु, पवन 16. निवास करना, उपस्थित होना, ठहरना 18. जिसे लात खाने की आदत हो गई हो 19. सेवक, दास, चाकर 21. भ्राता 22. मेघ, जलद, नीरद।

**ऊपर से नीचे**

1. विशेष, विशिष्ट 2. सुगंध, खुशबू 3. आदमी, मनुष्य, मानव 5. अपेक्षाकृत, अपेक्षया 6. कष्ट, दर्द, दिक्कत 7. पठन, पढ़ने का काम, शिक्षा 10. किस्मत, नसीब, भाग्यवान 12. एक पक्षी जो पुराने समय में संदेश वाहक का काम करता था 13. बाल, बच्चा, लड़का, छोकरा 17. वायु संबंधी, हवा में रहने, उड़ने या होने वाला, बिलकुल काल्पनिक और निर्मूल 19. नाव, कश्ती 20. वर्ष, बरस, एक इमारती वृक्ष।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 97 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पं | क्ति | | स्वा | द | | स | ब | ब |
| जा | | सु | हा | ना | | | ली | द |
| ब | हु | धा | | द | ल | ना | | ल |
| | | क | मा | न | | ग | ह | ना |
| भं | व | र | | | | वा | म | |
| गी | त | | म | ज | बू | र | | ट |
| | न | म | स्का | र | | | | र |
| | | र्या | | | बी | | ना | का |
| सं | वि | दा | | ब | स | च | ल | ना |

## सू-दोकू-98

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 6 | | 8 | | 3 | |
| 9 | | 8 | | 3 | | 4 | | |
| | | | | | | | 5 | |
| 5 | | 2 | | | 7 | | 6 | |
| | 8 | | 4 | | | 1 | | 3 |
| | | | | 9 | | | | |
| 8 | | | 9 | | | | 1 | |
| | 5 | | | 1 | | 6 | | 2 |
| | | 1 | 7 | | | | 4 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.97 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 8 | 1 | 4 | 9 | 7 | 5 |
| 9 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 3 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 1 | 9 | 3 | 5 | | 6 | 2 |
| 6 | 2 | 7 | 5 | 4 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 | 5 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 3 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 |
| 5 | 3 | 2 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 5 | 4 | 3 |
| 7 | 4 | 9 | 1 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 |